हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

06 इलाके भर में हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया...



07 गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों को किताब पेन, पेंसिल...





**हादसा:** कार विदिशा की बताई जा रही है लेकिन पुलिस कार्रवाई संदेह में

## बरबाई के पास सड़क हादसे में 2 की मौत, तीसरा गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

गुरुवार को मेहलुआ चौराहे के पास बरबाई पेट्रोल पंप के पास एक स्विफ्ट कार ने तीन बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई । जबकि तीसरा गंभीर घायल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार विदिशा के भाजपा पार्षद प्रतिनिधि की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार कार में चार लोग सवार थे जो करीला धाम जा रहे थे। कुरवाई टीआई आरके मिश्रा ने हादसे की पुष्टी की है। हालांकि उनका कहना है कि कार अज्ञात है। जबकि टक्कर मारने वाली कार का वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें कार का नंबर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है और हादसे के बाद कुछ लोग कार को उठाने का प्रयास कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि हादसे के बाद से कार को थाने में खड़ा करा दिया गया था। जबकि इस संबंध में जब कुरवाई टीआई से कार के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो वह भड़क गए और बोले की थाने आकर देख लो कार कहा हैं।

सवाल यह उठता है कि जब हादसा होने के बाद कार में सवार लोग मौके से फरार हो गए तो कार कहां गायब हो गई। वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि करीब आठ से 10 लोग मौके पर कार को उठाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस को इसकी जानकारी न होना सवाल खड़े करता है। कही न कहीं पुलिस संदेह के घेरे में है। मेहलुआ चौराहे के पेट्रोल पंप के पास एक कार ने तीन बाइक सवारों को टक्कर मारी जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकी तीसरा गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार सनमान पिता छतर सिंह कुशवाह उम 34 निवासी अशोकनगर, माधव सिंह पिता दंगल सिंह उम्र 61 ग्राम बहादुरपुर निवासी अशोकनगर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कमल सिंह पिता धर्म सिंह उम्र 38 निवासी अशोकनगर गंभीर रूप से घायल हैं। पीछे से आ रही कार ने टक्कर मारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार विदिशा के पार्षद प्रतिनिधि की बताई जा रही है। घटना होने के बाद स्विफ्ट कार थाने में ही खड़ी होने की जानकारी मिली है। बाद में कहां चली किसकी जानकारी नहीं मिली है।



विदिशा। हादसे के बाद कार को उठाकर गाड़ी के नीचे फंसे हुए वाहन चालक को बाहर निकालते हुए लोग।

### जानकारी देने में आनाकानी की गई

घटना के संबंध में जब कुरवाई टीआई आरके मिश्रा से बात की गई तो पहले तो उन्होंने जानकारी न होने की बात कही। फिर घटना स्थल और मृतकों के नाम बताए। गाड़ी थाने में खड़ी होने के बाद गायब होने की बात जब उनसे पूछी गई तो वह भड़क गए और कहा की कहां गाड़ी थाने में है आकर देख लीजिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद गाड़ी थाने में ही खड़ी थी। सूत्र बताते हैं की बाद में कार को इधर उधर कर दिया। घटना का जो वीड़िया वायरल हुआ उसमें गाड़ी का रजिस्ट्रेशन सूरज किरार पिता ऊधम किरार के नाम पर है।

## पीएम विश्वकर्मा व मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में हितग्राहियों को लाभान्वित करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पीएम विश्वकर्मा योजना एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का क्रियान्वयन विदिशा जिले में किया जा रहा है। जिसकी समीक्षा आज कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज गुरुवार को बैठक में की है।

डीएलसीसी की बैठक में उन्होंने योजना अंतर्गत प्रगति परिलक्षित करने के निर्देश दिए हैं और उन्होंने कहा है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में हितग्राहियों को लाभान्वित करें ताकि, वह अपना स्वयं का रोजगार व्यापार प्रारंभ कर सकें। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना युवाओं के लिए मध्य प्रदेश शासन की अच्छी पहल है। इस योजना में हितग्राही लाभान्वित हों यही सबक नैतिक दायित्व है। कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि बैंक बार लक्ष्य के अनुसार आवेदन प्राप्त करते हुए स्वीकृत और वितरण कार्यों में देरी न करें प्रकरण लंबित न रहे एवं हितग्राहियों को बैंकों के बार-बार चक्कर ना लगाना पड़े इसका भी विशेष ध्यान रखें।

बैठक में अवगत कराया गया कि पीएम विश्वकर्म योजना अंतर्गत जिले में अब तक 1712 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 794 प्रकरण स्वीकृत कर दिए गए हैं और 680 प्रकरणों में वितरण कार्यों को पूरा किया गया है इनमें से 580 आवेदन निरस्त भी किए गए हैं जबकि 338 आवेदन लंबित हैं।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत भौतिक लक्ष्य 240 के विरुद्ध 54 प्रकरण प्रेषित किए गए हैं जिनमें से विभिन्न बैंकों द्वारा 41 प्रकरण स्वीकृत कर दिए गए हैं और 33 प्रकरणों में ऋण राशि भी जारी कर दी गई है। जबकि 13 प्रकरण अब भी लंबित हैं की जानकारियां डीएलसीसी की बैठक में प्रदर्शित की गई थी।

### खबर संक्षेप

#### नुक्कड़ नाटक से पहुंच रहे कृषकों तक

**विदिशा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड नटेरन में ऋणी, अऋणी किसानों को फसल बीमा कराने हेतु एसबीआई जनरल द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर अभिप्रेरित किया जा रहा है। जिसकी तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम अंतर्गत एसबीआई द्वारा आज बस स्टैंड, नटेरन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों से कृषि विभाग द्वारा फसल बीमा कराने की अपील की गई है।

#### हिंदू उत्सव समिति दुर्गा पुरस्कार वितरण करेगी

**विदिशा।** दुर्गा उत्सव के पुरस्कार वितरण 12 जुलाई दिन शनिवार को सिविल लाइन रोड़ स्थित ऑडिटोरियम विदिशा में किया जाएगा। सनातन श्री हिन्दू उत्सव समिति के प्रवक्ता मनोज शर्मा ने बताया कि दोपहर में 3 बजे से कार्यक्रम शुरु होगा। इस कार्यक्रम में लगभग 200 झांकियों को पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन भक्तों ने दुर्गा की झांकियां लगाई थीं और दुर्गा उत्सव चल समारोह में शामिल हुए थे। इनमे से जिनका पंजीयन पहले हो चुका था। उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि पुरस्कार वितरण में भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विदिशा विधायक मुख्य मुकेश टंडन, एवं विषेश अतिथि के रूप गीता कैलाश रघुवंशी, प्रीति राकेश शर्मा, व संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा शामिल होंगे।

#### 3 पंचायत भवन को 15.77 करोड़ स्वीकृति

**विदिशा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन ने विदिशा जिले के तीन जनपदों बासौदा, विदिशा और कुरवाई में नए जनपद पंचायत भवनों के निर्माण के लिए 15 करोड़ 77 लाख 1 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति शासन की योजना के अंतर्गत प्रदान की गई है। प्रत्येक जनपद को 525.67 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। इस राशि से जर्जर भवनों के स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए भवनों का निर्माण किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने इस ऐतिहासिक स्वीकृति पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विदिशा जिले में पंचायत स्तर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि नए भवनों के निर्माण से आमजन को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और जनसेवा के कार्यों में गति आएगी। ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के इस निर्णय को उन्होंने जनसेवा की भावना से प्रेरित बताया।

#### जिला शतरंज संघ की प्रथम बैठक आज

**विदिशा।** जिले में शतरंज खेल को संगठित रूप देने के उद्देश्य से हाल ही में जिला शतरंज संघ का गठन किया गया है। इस नवगठित संघ की प्रथम बैठक शुक्रवार, 11 जुलाई 2025 को आयोजित की जाएगी। बैठक में संघ के सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारी भाग लेंगे।यह बैठक मगधम इंटरनेशनल स्कूल, विदिशा में सायं 4 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष श्री सोमिल पालोद करेंगे। संघ के सचिव आकाश थापा ने सभी पदाधिकारियों एवं आमंत्रित सदस्यों से समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि यह बैठक शतरंज के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में संघ की भावी रूपरेखा, वार्षिक गतिविधियां एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। शतरंज प्रेमियों और खेलजगत में इस बैठक को लेकर उत्साह का माहौल है।

## करणी सेना ने 5 तहसीलों में अध्यक्ष नियुक्त किए, भगत सिंह बैस बने कार्यकारी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

क्षत्रिय करणी सेना द्वारा जिले में संगठनात्मक विस्तार की दिशा में पहल करते हुए पांच तहसीलों में तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। साथ ही विदिशा जिले के लिए भगत सिंह बैस को कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाया गया।

इस अवसर पर विदिशा टीम द्वारा उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। करणी सेना के मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष उदय सिंह राठौड़ ने बताया कि ये नियुक्तियां राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सेंगर, प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा एवं संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार की गई हैं। उन्होंने बताया कि जिले की कुल 11 तहसीलों में अध्यक्ष नियुक्त किए जाने हैं, जिसकी शुरुआत आज पांच तहसीलों से की गई है। घोषित नियुक्तियों के अनुसार गंजबासौदा से धर्मेंद्र सिंह राजपूत, सिरोंज से विक्रांत सिंह राजपूत, ग्यारसपुर से आकाश राजपूत, अहमदपुर से त्रिवेंद्र सिंह पंवार को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं विदिशा से भगत सिंह बैस को कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा बासौदा के लिए शिवराज सिंह चौहान तथा अटारीखेड़ा से राजा राजपूत को कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस मौके पर महिला करणी सेना की जिलाध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने कहा कि करणी सेना प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में सर्वसमाज के हित में लगातार संघर्षरत है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जिला एवं नगर स्तर पर भी सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शिशुपाल सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह सिकरवार, महिला करणी सेना अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान, रानी राजपूत, रेखा सेंगर, वर्षा राजपूत, पूजा राजपूत, रानी उदयभान राजपूत, रविन्द्र सिंह सेंगर, सत्यम भदौरिया सहित कई पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं और बधाई दी।

## थाना प्रभारी इन सभी लोगों से मैं अपने पैसे मांग- मांगकर थक गया हूं, सारे पैसे इन लोगों से लेकर मेरी छोटी बहन को दे देना

मेडिकल कॉलेज में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर ने गुरुवार सुबह क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा मेडिकल कॉलेज में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर ने गुरुवार सुबह अपने क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक कॉलेज की कर्मचारी कॉलोनी स्थित 14 नंबर बिल्डिंग में रहता था। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट और कई दस्तावेज मिले हैं, जिन्हें जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान भोपाल निवासी दीपक ठकोरिया (38) पिता नंदराम ठकोरिया के रूप में हुई है। वो 2018 से मेडिकल कॉलेज में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। दीपक ने घर में पंखे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उसने प्रेमिका और उसके परिवार पर आर्थिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाया है। वहीं 12 लोगों को दी गई कुल 10.68 लाख रुपए की उधारी का विवरण भी लिखा है।

### प्रेमिका सोनाली पर लगाए आरोप, कार्रवाई की मांग की



दीपक ने नोट में रायसेन की सांचेत निवासी प्रेमिका सोनाली नामदेव पर झूठे प्यार का नाटक कर उससे राशन, कपड़े और गहने लेने का आरोप लगाया है। साथ ही ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से लाखों रुपए हड़प लिए। युवक ने प्रेमिका सोनाली नामदेव के पिता और भाई पर भी पैसे लेने का आरोप लगाया है। दीपक ने आगे लिखा कि वो लंबे समय से मानसिक और आर्थिक परेशानी झेल रहा है। उसने एक फाइल में सभी ट्रांजैक्शन की कॉपी और सुसाइड नोट रखा था। साथ ही प्रेमिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीएसपी अतुल सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### माता-पिता और भाई की हो चुकी मौत

परिजनों के अनुसार दीपक के पिता की मौत कैंसर से हुई थी। मां का पहले ही देहांत हो चुका था और छोटा भाई की भी करंट लगने से मौत हो गई थी। दीपक की तीन बहनें हैं। बड़ी बहन सुनीता, दूसरे नंबर की सीमा और तीसरे नंबर की बहन रजनी, सभी की शादी हो चुकी है। सीमा और रजनी घटना की जानकारी मिलते ही विदिशा मेडिकल कॉलेज पहुंची और उनके दो चाचा अशोक और कालीचरण ठकोरिया भी मौके पर पहुंच गए हैं।

### सहायक ग्रेड-3 की नौकरीअनुकंपा में मिली

पिता की मौत के बाद साल 2018 में दीपक को हमीदिया अस्पताल में अनुकंपा नियुक्ति के तहत मेडिकल कॉलेज, विदिशा में सहायक ग्रेड-3 की नौकरी मिली। वर्तमान में वो स्थापना शाखा में पदस्थ था और अकेले रहता था। बताया गया कि दीपक धार्मिक प्रवृत्ति का था, वो शाकाहारी और पूजा-पाठ करने वाला व्यक्ति था। मांस-मदिरा से दूर रहता था और ऑफिस में सभी से हंसकर बात करता था। करीब एक साल पहले उसने अपनी सगाई की बात सबको बताई थी, लेकिन कभी भी उस लड़की से किसी को ज्यादा जानकारी नहीं दी। दीपक ने कई बार उस लड़की का इलाज भी करवाया था।

### 4 बार आत्महत्या की कोशिश, हर बार लिखा सुसाइड नोट

चाचा विजय ने बताया कि दीपक ने चार बार आत्महत्या करने की कोशिश की थी और हर बार उसने एक सुसाइड नोट लिखा। वही सुसाइड नोट एक साथ फाइल में लगाए गए हैं।

### 12 लोगों पर 10.68 लाख रुपए थे बकाया

कर्मचारी दीपक की आत्महत्या के मामले में सुसाइड नोट से बड़ा खुलासा हुआ। दीपक ने नोट में 12 लोगों को दी गई कुल 10.68 लाख रुपए की उधारी का विवरण दिया है। दीपक ने लिखा है कि वह इन लोगों से बार-बार पैसे मांगते-मांगते थक गया था। उसने स्पष्ट किया है कि उसकी मौत के लिए इन लोगों को दोषी न माना जाए, लेकिन उधार की राशि उसकी बहन को लौटाई जाए।

### डेंगू जागरूकता रथ का शुभारंभ आज

**विदिशा।** डेंगू जागरूकता रथ का शुभारंभ शुक्रवार 11 जुलाई की प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर से किया जा रहा है, जिसमें विधायक एवं कलेक्टर द्वारा डेंगू जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस रथ के माध्यम से डेंगू रोग के फैलने के कारण, लक्षण एवं बचाव के संबंध में जन जागरूकता लाई जाकर डेंगू से होने वाली गंभीरता को रोकना है। यह डेंगू जागरूकता रथ विदिशा जिले के सभी विकासखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू से बचाव एवं आवश्यक सावधानी को रखने हेतु प्रचार प्रसार का कार्य करेगा।

### महिला सशक्तीकरण योजना के आवेदन 25 तक

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विपत्तिग्रस्त और पीड़ित महिलाओं के आर्थिक उन्नयन के लिए मुख्यमंत्री महिला सशक्तीकरण योजना के तहत जिले में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विदिशा जिले की 10 महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इच्छुक आवेदिकाएं 25 जुलाई तक आवेदन कर सकती हैं। श्रीमती लोढ़ा ने बताया कि योजना के अंतर्गत स्वरोजगारमुखी व्यवसाय संचालन हेतु प्रशिक्षण कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। योजना के तहत बलात्कार पीड़ित महिलाएं/बालिकाएं, बाल विवाह पीड़िताएं, एसिड अटैक पीड़ित, दहेज प्रताड़ित, अग्नि पीड़ित, दुर्व्यवहार से बचाई गई महिलाएं, जेल से रिहा महिलाएं (गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाली) पात्र होंगी।

### कलेकटर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा बैठकों की तैयारियों का जायजा लिया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को आयोजित दिशा और जिला योजना समिति की बैठक की एजेण्डा बिन्दुओं के संबंध में की गई तैयारियों का आज जायजा लिया है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें। गौरतलब हो कि ऐजेण्डा में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित विभागो के कार्यो को प्रेजेन्टेशन की तैयारियों का जायजा कलेक्टर के द्वारा बुधवार को लिया गया था जबकि आज गुरूवार को निर्माण कार्यो के संबंध में सम्मिलित बिन्दुओं के क्रियान्वयन और पीपीटी की तैयारियों की समीक्षा की गई है। वहीं कलेक्टर ने विभागों में गठित विभागीय समितियों की मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक बैठक आयोजित करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता द्वारा टीएल बैठक में भी विभाग प्रमुख समितियों की समस्त बैठकों का आयोजन समय पर कराना सुनिश्चित करने एवं की गई कार्यवाही की जानकारी टीएल शाखा में अनिवार्य रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिए गए थे।

### रविदास मंदिर में मनाया गुरुपूर्णिमा पर्व

**गुलाबगंज।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविदास समाज के लोगों ने स्थानीय संत शिरोमणि रविदास मंदिर में माल्यार्पण कर गुरु वंदना अर्पित की और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे। अहिरवार समाज विकास संगठन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष चंद्रमोहन रतोसिया, उपाध्यक्ष करण सिंह जाटव, पूर्व सरपंच लम्पूलाल अहिरवार, बाबूलाल मौर्य, चतर सिंह, पूर्व जनपद सदस्य नथन सिंह, कालूराम खजूरिया खेड़ा, रज्जन अहिरवार सहित समाजजन मौजूद रहे। गुरु पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों और आश्रमों में गुरु वंदना के लिए पहुंचे।

**गुरु हमें अच्छे-बुरे का ज्ञान देकर आगे बढ़ने की राह दिखाते हैं**

## गुरु पूर्णिमा पर शैक्षणिक संस्थाओं में हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर जिले की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में बुधवार को विविध आयोजन संपन्न हुए। सांदीपनि विद्यालय बरईपुरा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली सेवानिवृत्त प्राचार्य चारूलता सक्सेना एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक बीएस तोमर को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में आयोजित गुरू पूर्णिमा समारोह का सीधा प्रसारण भी विद्यालय में दिखाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने कहा कि गुरू की महिमा अपरंपार है, वे हमें अच्छे-बुरे का ज्ञान देते हैं और सही दिशा दिखाते हैं। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि गुरू हमें सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं, उनके अनुभव और मार्गदर्शन से हम समाज और देश में ख्याति अर्जित कर सकते हैं। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने कहा कि गुरू हमें विकास की राह सिखाते हैं और समाज व देश को आगे बढ़ाने का मंत्र देते हैं। इसके अलावा अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग की जिला नोडल अधिकारी शशि मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य बलराम चौधरी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। आयोजन के उद्देश्यों को प्राचार्य चौधरी ने रेखांकित किया तथा अंत में आभार सहायक संचालक श्री बागड़ी द्वारा व्यक्त किया गया।




विदिशा। बरईपुरा सीएम राइज स्कूल के कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि।

### गर्ल्स कॉलेज में पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय की छात्राएं, प्राध्यापक एवं स्टाफ ने मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को ऑनलाइन प्रसारण के माध्यम से सुना। इसके पश्चात महाविद्यालय में गुरु सम्मान का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. कमल चतुर्वेदी का सम्मान महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के द्वारा शॉल और श्रीफल देकर किया गया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य, जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुमन सोनी, सदस्य अशोक गोयल एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय का सम्मान शॉल और श्रीफल प्रदान कर किया गया। छात्राओं द्वारा प्राध्यापक एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ का सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में हुए डॉ. कमल चतुर्वेदी ने गुरु-शिष्य की परंपरा को सामने रखा एवं ज्ञान को अक्षय धन के रूप में रेखांकित किया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3260
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-2650
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2450
चना
न्यूनतम भाव- 4700
उच्चतम भाव- 5508
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3455
धान
न्यूनतम भाव-1290
उच्चतम भाव-3000
मसूर
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-6400
सरसों
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-6400
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4325
मूंग
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7220
उड़द
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7220
धनिया
न्यूनतम भाव-6400
उच्चतम भाव-6481
तुअर
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-5600

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 5650 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### गंजबासौदा में 28 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गंजबासौदा।** अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि तहसील में स्थापित वर्षामापी यंत्र पर गुरूवार को सुबह 8 बजे बासौदा में 28 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### पौधरोपण किया



**गंजबासौदा।** पौधरोपण अभियान 4.0 के तहत एक पौधा एक संकल्प थीम के साथ श्रमदान दल द्वारा स्व सहोद्रा देवी देवी की पुण्य स्मृति में गुरुवार को एक पौधा ट्री गार्ड सहित सीनियर सेक्शन इंजीनियर संकेत कार्यालय आरपीएफ थाने के पास रेलवे स्टेशन पर रोपित किया गया। पौधरोपण में पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की सहयोग राशि सतपाड़ा वाले दुबे परिवार द्वारा प्रदान की गई है ।

### हैंडपंप दुरुस्त किया



**गंजबासौदा।** वार्ड क्रमांक 16 में कई दिनों से बंद पड़े हेण्डपंप को गुरुवार को कर्मचारियों की मदद से ठीक किया गया।

### नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ गुरुओं का सम्मान, अनेक स्थानों पर हुए भंडारे

# इलाके भर में हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया गया गुरु की आराधना का पर्व गुरु पूर्णिमा

















हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण अंचल में गुरू की आराधना का पर्व गुरुपूर्णिमा हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर सभी शिष्यों ने अपने अपने राजनैतिक, धार्मिक, व्यापारिक और आध्यात्मिक गुरूओं की वंदना कर उनके प्रति आभार प्रकट किया और उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान नगर एवं ग्रामीण अंचलों में भण्डारे सहित अनेक आयोजन हुए। क्षेत्र के अन्य प्रमुख मंदिरों, मठों एवं गुरू स्थानों गुरूगादी ट्रस्ट घटेरा, सिरनोटा,नौलखी धाम, गंज स्थित हनुमान मंदिर, वेदांत आश्रम आदि में भी गुरूपूर्णिमा महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया तथा श्रद्धालुओं द्वारा भजन पूजन एवं प्रसादी वितरण किया गया। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष गुरू पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं द्वारा अपने गुरूओं की वंदना एवं आराधना की जाती है।

इस वर्ष भी गुरूपूर्णिमा पर शिष्यों ने गुरू वंदना की। इस दौरान जहां शालाओं में गुरूपूर्णिमा मनाई गई, वहीं धार्मिक गुरूओं का उनके शिष्यों ने वस्त्र, फल, उपहार देकर सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक हरीसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नौलखी मंदिर, गंज हनुमान मंदिर, नौलखी धाम सहित विभिन्न गुरूओं के मंदिर, धाम में पहुंचकर उनकी आराधना और वंदन किया। साथ ही गुरू पूर्णिमा के विभिन्न आयोजनों में शामिल होकर गुरू की महत्ता पर प्रकाश डाला और गुरूओं का हमेशा सम्मान करने की बात कही।

उधर इस अवसर पर नवनिर्मित पत्रकार भवन में विराजमान वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद् श्रद्धेय अनिल यादव की प्रतिमा पर उनके शिष्यों एवं परिजनों ने पहुंचकर फूल मालाऐं अर्पित करते कीं। इस अवसर पर नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पंचतत्व के सुरेन्द्र सिंह दांगी, देवेन्द्र सिंह राजपूत, देवेन्द्र रघुवंशी, नीतेश नायक, आशीष रघुवंशी, राजा छारी, कन्नू यादव, रिंकू श्रीवास्तव, मनोज विश्वकर्मा, बब्लू अहिरवार आदि मौजूद थे। वहीं शासकीय एसजीएस कॉलेज में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. आरके चौगांवकर, साहित्यकार डॉ. पदमा चौगावकर, पूर्व प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता एवं ज्योति मेहता, जनभागीदारी अध्यक्ष ऋतुज एलिया, प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। महाविद्यालय द्वारा शॉल, फूल माला एवं नारियल से अतिथियों का स्वागत किया गया। इसी क्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता ने गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक महत्व की चर्चा की। मुख्य अतिथि डॉ. चोगांवकर ने गुरु शिष्य परम्परा पर बताया कि भारतीय संस्कृति की यह सबसे महत्वपूर्ण एवं सनातन परम्परा है। डॉ. मणि मोहन मेहता ने शिक्षा में नवाचार के महत्व को उल्लेखित किया। जनभागीदारी अध्यक्ष ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं। डॉ. पद्मा ने साहित्यक दृष्टि से गुरु पूर्णिमा के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष दुबे ने किया। इस मौके पर महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा। वहीं नवांकुर विद्यापीठ में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नवांकुर और डॉल्फिन के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा, गौरव भारद्वाज तथा अध्यक्ष सत्यनारायण गौर का फूल माला पहनाकर और शाल से सम्मान किया। इस अवसर पर प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी, मीनेश यादव, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सचिव मयंक टांक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि खेलों के क्षेत्र में नवांकुर और डॉल्फिन के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई उपलब्धियाँ हासिल की।

इस वर्ष भी विद्यालय के 36 विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर और पाँच विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करके नगर व विद्यालय का नाम रोशन किया। यह सब उपलब्धियाँ नवांकुर और डॉल्फिन के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा और गौरव भारद्वाज के नेतृत्व में प्राप्त हुई। इस उपलक्ष्य में गुरु पूर्णिमा पर नपाध्यक्ष द्वारा दोनों क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा और गौरव भारद्वाज तथा अध्यक्ष सत्यनारायण गौर का अभिनंदन एवं शाल उड़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर दो-दो बार राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करने वाली छात्रा नैना कुशवाह हैमर थ्रो, निमिषा तिवारी हैमर थ्रो, निशिका रघुवंशी डिस्कस थ्रो, दीपेश मैना तथा वीणा विश्वकर्मा ताइक्वांडो का भी अभिनंदन किया गया। अतिथि संबोधन की श्रृंखला में नपाध्यक्ष ने कहा की नवांकुर में विद्यार्थी अध्ययन करना ही नहीं सीखते, बल्कि अपना लक्ष्य भी प्राप्त करते हैं। यहाँ के विद्यार्थी दूर-दूर तक के देशों में भी काम कर रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने नपाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवांकुर को बनाने में अनिल भाई साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है और नपाध्यक्ष ने भी अपनी सेवाओं की शुरुआत नवांकुर विद्यालय से ही की थी। कार्यक्रम का संचालन संदीप रावत ने किया। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने इस अवसर पर नवांकुर से लगे हुए कच्चे रास्ते पर रोड निर्माण की घोषणा की। वहीं ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सच्चा सतगुरु हमें बुराइयों एवं दुखो से मुक्त करने वाला है। वही अजन्मा उपभोक्ता निराकार परमात्मा शिव है जिनका ना कोई माता-पिता है ना कोई गुरु है ना ही उनका कोई जन्म होता है ना ही वह कभी मरते हैं। वह परकाया प्रवेश कर ब्रह्मातन के द्वारा हमें मुक्ति जीवन मुक्ति एवं गति सद्गति की राह दिखा रहे हैं। आगे दीदी ने कहा कि गुरु उनको कहा जाता है जो सद्गति करें। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सतगुरु वह है जो अंधकार से प्रकाश की और बुराइयों से अच्छाइयों की ओर ले जाते हैं अंधकार को मिटाकर सत्यप्रकाश लाने वाला ही सच्चा सतगुरु परमपिता परमात्मा शिव भगवान स्वयं है। सैण्ट एसआरएस स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व संगीताचार्य पंडित शंभु गिरि गोस्वामी एवं प्राचार्य उमेश चंद्र यादव की उपस्थिति में विद्यालय के एक हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं और शिक्षक परिवार ने गुरु पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का पूजन कर मनाया। इस दौरान प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने बताया कि भारतीय संस्कृति में ईश्वर से ज्यादा महत्व गुरु को दिया गया है। भगवान दत्तात्रेय ने अपने जीवन में 24 गुरु बताए हैं, जिसमें उन्होंने प्रकृति के पंचतत्व धरती, आकाश, पवन, जल और अग्नि को भी शामिल किया है। संगीताचार्य पंडित गोस्वामी ने संगीतबद्ध भजनों और गुरु वंदना से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय की छात्राओं ने सुरमयी रस में सरस्वती वंदना और गुरु महिमा का गायन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षक परिवार ने गुरु पूजन कर प्रसादी ग्रहण की।

विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों से आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं शिक्षक परिवार ने भी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया। शासकीय उमावि उदयपुर में गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन वंदना के साथ हुई। विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा समस्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा उदयपुर मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा के द्वारा गुरुओं के महत्व पर प्रकाश डाला गया, अंत में संस्था के प्राचार्य महाराज सिंह रघुवंशी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम सेमरी मे गुरूजनों, शिक्षकों, संतो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माता मंदिर के पुजारी बालाराम महाराज, योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी, सह समन्वयक महेंद्र सिंह ठाकुर , अक्षर साथी सलोनी पंथी का शाल श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से सम्मान कर उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया गया। योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने गुरु की महिमा महत्व को उजागर करते हुऐ कहा गुरु, शिष्य को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं और उसे सही मार्ग दिखाते हैं। स्पंदन स्कूल में गुरू पूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि चेन्नई से पधारे हुए आरएसएस के सदस्य राम गोपाल रत्नम, सन्यरत स्वामि गीतामृतानन्द मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कान्ति भाई शाह ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में सुरेश तनवानी, यूएसए से आये सचिन धावडे एवं वंदना तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। स्कूल परिवार ने अतिथियों का तिलक लगाकर शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य करूणा श्रीवास ने विद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी कि स्कूल सफल 15 वर्ष पूर्ण कर चुका है, स्कूल में 500 से अधिक बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस स्कूल में कई बच्चों को लेपटाप भी दिए जा चुके हैं बच्चों को बस्ते किताबें पेन पेंसिल सब निशुल्क दी जाती है समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को खेल कूद भी करवाए जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन ईशा सैनी एवं रवीना दांगी ने किया एवं आभार जयमाला खापरे ने व्यक्त किया। चेन्नई से पधारे राम गोपालरत्नम ने बच्चों को ज्ञान की बातें सिखाईं एवं विस्तार से ज़िन्दगी जीने के टिप्स दिए। समाज सेवी कान्ति भाई शाह ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ मौजूद रहा। दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन कन्या उमावि में आयोजित किया गया। जिसमे नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, बीईओ परता अहिरवार, बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी एवं प्राचार्य शिल्पांजना शर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित केशव शास्त्री एवं प्रकाश शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर उन्नति रैकवार एवं द्वितीय स्थान पर सोनिया रैकवार रही। कविता पाठ में प्रथम स्थान गरिमा रघुवंशी ने एवं द्वितीय स्थान सोनिया रैकवार ने प्राप्त किया। संचालन अनुराग जैन तथा आभार कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रदन्या करंदीकर द्वारा व्यक्त किया गया।

### बेहलोट श्मशान घाट की दुर्दशा

# तिरपाल डालकर किया अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेहलोट बायपास मार्ग स्थित श्मशान घाट की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। श्मशान घाट का टीन शेड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इससे बारिश का पानी सीधे नीचे आ जाता है। बुधवार को शाम के समय एक ऐसी ही घटना सामने आई। जिसमें बेहलोट बायपास निवासी प्रमोद शर्मा की मां गीता बाई शर्मा के अंतिम संस्कार के दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई। टीन शेड से पानी गिरने लगा। ऐसे में दो लोगों को क्षतिग्रस्त टीन शेड के ऊपर भेजकर तिरपाल डाली गई, लेकिन चिता की आग से तिरपाल भी जल गई। काफी मशक्कत के बाद अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जा सकी। प्रमोद शर्मा ने बताया कि लंबे समय से बेहलोट श्मशान घाट की हालत जर्जर है। बारिश के दौरान अंतिम संस्कार करना मुश्किल होता है। श्मशान घाट परिसर में जल निकासी की व्यवस्था भी नहीं है। इससे पूरा परिसर जलमग्न हो जाता है। यह श्मशान घाट हरदूखेड़ी पंचायत की सीमा में है, लेकिन पंचायत एवं प्रशासन इसकी दुर्दशा की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

वहीं इस मामले की जानकारी मिलने पर अनिल दाऊ सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के अनुज यादव कन्नू ने श्मशान घाट की फाउंडेशन की ओर से मरम्मत एवं फर्शीकरण कराने की बात कही है। जबकि जनपद पंचायत सीईओ तपस्या जैन का कहना है कि पंचायत को श्मशान घाट की मरम्मत के निर्देश दे दिए गए हैं। नियमानुसार जितनी मरम्मत हो सकेगी करवाई जाएगी, शेष फाउंडेशन एवं सभी के सहयोग से

### घायल बछड़े को पहुंचाया गोशाला



**गंजबासौदा।** गत दिवस नानाजी वाली गली में एक बछडा अज्ञात कारणों से चलने फिरने में असमर्थ हो गया था और सडक किनारे पडा हुआ था। जिसे नागरिकों ने देखकर पहले उसका अपने स्तर पर उपचार किया, लेकिन जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो घायल एवं बीमार लावारिस पशुओं का उपचार कर उन्हें आश्रय देने वाले लालू महाराज को बुलवाकर बीमार बछडे को उनकी गौशाला पहुंचाया गया। जहां लालू महाराज द्वारा अब उस बछडे का उपचार किया जा रहा है और उसे सुरक्षित आश्रय एवं चारा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## शहर थाना प्रभारी ने उदयपुर पहुंचकर ग्रामीणों को दी समझाइश



**गंजबासौदा।** गुरुवार को चौकी उदयपुर पर थाना प्रभारी शहर संजय वैदिया एवं चौकी प्रभारी दुर्ग सिंह रघुवंशी के द्वारा ग्रामवासियों को समझाइश दी गई। थाना प्रभारी ने ग्राम सरपंच एवं उप सरपंच एवं वार्ड पंच ग्रामीणजन एवं बस कंडक्टर ड्राइवरों को समझाइश दी कि बारिश के पानी को देखते हुए बाढ़ के समय नदी का पानी पुल पर आ जाए तो पैदल एवं अपने वाहन पार न करें एवं ना किसी को पुल एवं नाले पार करने दे। इस अवसर पर उदयपुर चौकी स्टाफ मौजूद रहा।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मांस विक्रेता दुकानों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा गुरुवार को नगर में स्थित मांस विक्रेता दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मांस विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत खरीददारों को साफ एवं स्वच्छ परिस्थितियों में विक्रय करने की हिदायत दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने नवीन कृषि उपज मण्डी के पास स्थिति भोजनालय का निरीक्षण किया तथा बरसात मौसम को देखते हुए दुकान में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने डायमंड होटल से चिकन करी का नमूना जांच के लिए लिया जिसे प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### नपा व खाद्य विभाग ने किया मटन, चिकन दुकानों का निरीक्षण

**सिरोंज।** नगर पालिका एवं खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर नगर के हाजीपुर क्षेत्र में मटन-चिकन फुटकर विक्रय की दुकानों पर पहुचकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर विभाग द्वारा दुकानदारो को नियमानुसार आवेदन कर लाइसेन्स बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही दुकान के अंदर व बाहर स्वच्छता रखने और माँस को ढंक कर विक्रय करने की हिदायत दी। इस मौके पर कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा विभाग खाद्य निरीक्षक कुदसिया खान एवं नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना,स्वच्छता निरीक्षक मनीष कुमार,दरोगा राहुल करोसिया,छोटे खान, अलीम खान उपस्थित रहे।

### मप्र तेलघानी बोर्ड सिरोंज विधानसभा की प्रतिनिधि बनी रानी साहू

**सिरोंज।** तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एंव रोजगार विभाग मध्य



प्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रविकरण साहू द्वारा तेलघानी बोर्ड मध्यप्रदेश शासन बोर्ड के कार्या के विस्तार हेतु संपूर्ण मप्र में विधानसभा प्रतिनिधि नियुक्त किए। जिसमें सिरोंज से वरिष्ठ समाजसेविका रानी साहू को सिरोंज विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि नियुक्त किया।

### मतदान दिवस पर कर्मचारियों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**सागर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वाद्ध) हेतु मतदान की तिथि 22 जुलाई घोषित की गई है। इस संबंध में जनपद

## बच्चों ने फूलमाला पहनाकर किया शिक्षकों का सम्मान, पौधे भी किए रोपित

# गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों को किताब पेन, पेंसिल, कॉपी का किया वितरण





हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

गुरूवार को शासकीय, अशासकीय स्कूलो में गुरू पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। इस दौरान गुरुओं का शिष्यों ने चरण वंदना कर उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। तो वही प्राथमिक शाला लिधौडा में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षक नवीन बाबू नामदेव द्वारा नन्हे-मुन्हे बच्चो को कॉपी किताब, पेन, पेंसिल आदि का वितरण किय। साथ ही शाला परिसर में वृक्षारोपण कर गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया। इस दौरान गुरुओं को शिष्यों को अध्ययन के साथ ही गुरु पूर्णिमा का महत्व अलग-अलग अर्थो में बताया। स्कूलों में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर शिक्षक नवीन नामदेव,राज कुमार शर्मा ने कहा कि इस दिन विघार्थी अपने गुरुओं का आशीर्वाद लेने के लिए उनके पास जाते हैं और उनकी चरण वंदन कर विभिन्न उपहार देते हैं। कहा कि यह दिन केवल शैक्षणिक गुरुओं के लिए नहीं बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में मार्ग दर्शन करने वाले गुरुओं के प्रति भी समर्पित है। इस दिन गुरु मंत्र लेने की भी परंपरा है। स्कूलों में सरस्वती पूजन के साथ गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। शिक्षक और शिष्यों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया।

### स्कूल के पूर्व शिक्षक का किया सम्मान

तो वही हाई स्कूल भौरिया में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरूओ के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षक पृथ्वी सिंह भावसार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षक पृथ्वी सिंह भावसार का फूलमाला पहनाकर सम्मान कर उपहार भेंट किए। तो वही श्री भावसार ने अपने उदबोधन में गुरू और शिष्य की मर्यादा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरू को ईश्वर से भी बढकर माना जाता है। गुरू खुद अंधकार में रहकर छात्र को प्रकाश देता है। तो वही उन्होने कहा कि सभी छात्रो को अपने अपने गुरूओ का सम्मान करना चाहिए।

## निर्मला कॉन्वेंट में गुरुपूर्णिमा पर विद्यार्थियां ने किया गुरुओं का पूजन

# बिना अपेक्षा के प्रेम केवल गुरु करते हैं: प्रकाश नारायण

**सिरोंज।** निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में गुरूपूर्णिमा के अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा अपने गुरू पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यार्थियों के द्वारा गुरूवंदना के साथ किया गया। जिसके उपरांत विद्यार्थियों ने अपने गुरूओं को तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहना कर उनका अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर छात्रा जिया अनवर के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर टेन्सी ने कहा कि गुरू का स्थान जीवन में सर्वोपरि है विद्यार्थियों को अपने गुरूओं का सम्मान करना चाहिए एवं उनके प्रति श्रद्धाभाव रखते हुए अपनी गलतियों के क्षमा मांगना चाहिए।


### गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश नारायण शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरू पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं इस दिन महाभारत जैसे ग्रंथ के रचियता महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। इसी दिन को गुरूपूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। संसार में प्रत्येक व्यक्ति यहां तक कि माता-पिता भी आपसे अपेक्षा रखेंगे किन्तु एक गुरू ही है जो बिना किसी अपेक्षा के अपना प्रेम और संपूर्ण ज्ञान आपको सौंप देता है जो शिष्य अपने गुरूओं का सम्मान करते हैं उनकी आज्ञा का पालन करते हैं वे




एक दिन दुनियाँ भर में प्रसिद्धि पाते हैं जैसे स्वामी विवेकानंद और जो शिष्य अपने गुरूओं से छल करते हैं उनका अंत महाभारत के कर्ण की तरह होता है। गुरू बिन भव निधि तरई न कोई, जो बिरंचि संकर सम होई। अर्थात गुरू के बिना भवसागर से पार नहीं हो सकता क्योंकि किसी व्यक्ति के पास ब्रह्म आदि देवताओं के जैसा ज्ञान की क्यों न हो लेकिन गुरू के बिना वह ज्ञान शून्य है इसलिये जीवन में गुरू का स्थान सर्वोपरि है।

## ग्राम पिपलिया हाट से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ जत्था



**सिरोंज।** बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए गुरूवार को ग्राम पिपलिया हाट से चौथा जत्था रवाना हुआ। बाबा अमरनाथ वर्फानी के परम भक्त ग्राम पिपलिया हाट में बाबा अमरनाथ वर्फानी के स्थापक एडवोकेट महेश शर्मा,महेन्द्र पटेल,धनराज राजपूत,राजकुमार पटेल,रवेन्द्र पटेल,अभिषेक पटेल यात्रा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर ग्रामीणा द्वारा सभी का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही सभी श्रद्धालुओं की यात्रा मंगलमय होने की कामना की।

## जल भराव की स्थिति को देखते हुए नपा ने चलाया सफाई अभियान



**सिरोंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 में बारिश के चलते नालियो में कचरा एकत्रित होने से सड़को पर जल भराव की स्थिति को देखते हुए गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष मन मोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने वार्ड में पहुचकर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नपा अमला ने वार्ड की प्रत्येक गली की साफ-सफाई कर वार्ड को स्वच्छ किया।

## संस्कार, शिक्षा व चरित्र निर्माण में गुरुजनों की होती भूमिका: पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने गुरु परंपरा के इस पावन पर्व पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्कार, शिक्षा एवं चरित्र निर्माण में गुरुजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस प्रेरणादायी अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आवागमन हेतु नवीन बस का पूजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन ने शिक्षकों का किया सम्मान



**विदिशा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन जिला संस्थान विदिशा में "शिक्षक सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीपीसी विदिशा आरपी लखेर, डाइट फैकल्टी अजय श्रीवास्तव, नवनियुक्त बीआरसीसी विदिशा नीलेश साहू, पूर्व बीआरसीसी बलभद्र मीणा, बीएसी जमुना प्रसाद साहू समेत 43 शिक्षक शामिल हुए।समारोह का उद्देश्य विदिशा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के सकारात्मक और उत्कृष्ट प्रयासों को मंच देकर उन्हें सम्मानित करना था। डीपीसी श्री लखेर ने उन शिक्षकों को सम्मानित किया जिन्होंने "उम्मीद के रंग : हम अच्छा करते हैं" शिक्षक सेमिनार में अपने कक्षा शिक्षण के श्रेष्ठ अनुभव साझा किए थे।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शिक्षकों को लगातार नवाचार करते रहने और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। डीपीसी ने शिक्षकों से उनके प्रयासों के अनुभव सुने और उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि ब्लॉक में इस तरह के प्रयास अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे।इस अवसर पर शिक्षकों के श्रेष्ठ कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, साथ ही पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका अवलोकन डीपीसी महोदय ने किया। उन्होंने इस तरह के प्रयासों को दस्तावेजित कर अन्य शिक्षकों से साझा करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की गई।

## महाप्रसादी वितरण के साथ ही श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

# आषाढ़ी माता की आरती के साथ संपन्न हुआ आषाढ़ी का महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आषाढ़ी माता महामाई मंदिर, मोहन गिरी, विदिशा में चल रहा आषाढ़ी महोत्सव गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संध्या आरती के साथ संपन्न हुआ। यह महोत्सव 25 जून को ध्वज अर्पण के साथ आरंभ हुआ था। प्रजापति समाज सेवा ट्रस्ट के सचिव राजकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जून से आषाढ़ मास और गुप्त नवरात्रि का आरंभ हुआ था, जिसे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महामाई दरबार में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महोत्सव के दौरान विदिशा शहर सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में प्रसादी अर्पित की, भोग लगाया, सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण किया और सुंदरकांड तथा माता के भजनों का आयोजन कर पूरे भक्ति भाव से महोत्सव मनाया।

मंदिर में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय प्रजापति ने स्वयं संभाली और पूरे समय मंदिर में उपस्थित रहकर आने वाले भक्तों की सुविधाओं का ध्यान रखा। श्रद्धालुओं ने इस वर्ष की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए ट्रस्ट की प्रशंसा की। अध्यक्ष श्री संजय प्रजापति ने भविष्य में व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का आश्वासन भी दिया। महोत्सव को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष डॉ. यू.एस. चक्रवर्ती, नगर अध्यक्ष कस्तूरचंद प्रजापति, शिवकुमार प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, हरिबाबू प्रजापति, नथन सिंह प्रजापति, दीपक प्रजापति, मंटू प्रजापति, कमलेश प्रजापति, चंद्रेश प्रजापति, कुलदीप प्रजापति सहित महामाई माता मंदिर के समस्त पदाधिकारी एवं प्रजापति समाज के वरिष्ठजनों की अहम भूमिका रही। यात्रा के संयोजक अशोक प्रजापति ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं और समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### युवक ने घर में लगाई फांसी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** रंगई निवासी 24 वर्षीय साहित्य पिता संजय वर्मा ने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने फांसी किस कारण से लगाई इसकी जानकारी नही मिल पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाया और पीएम के लिए शव को जिला अस्तताल भेज दिया गया है।

### गुरुपूर्णिमा पर गर्ल्स स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**विदिशा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पीएम महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन, विद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात छात्रों के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विद्यालय परिवार के गुरुजनों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। गुरु वंदना की प्रस्तुति संगीत शिक्षक ओमप्रकाश चैबे के निर्देशन में छात्राओं के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने छात्राओं को गुरुओं की महिमा के बारे में विस्तार से बताया और गुरु का जीवन में महत्व समझाया।

## श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के साथ किए हनुमानजी के दर्शन

# गुरु पूर्णिमा पर पतरूआ धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, विधायक ने किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्यारसपुर जनपद के ग्राम बंडवा स्थित पतरूआ धाम में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं।

सैकड़ों भक्तों ने धाम पहुंचकर नमो सरकार विकास गिरी महाराज का आशीर्वाद लिया। धाम परिसर में भगवान भोलेनाथ शिवलिंग रूप में विराजमान हैं, जबकि बाल स्वरूप में हनुमान जी के भी दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त हुए। दिनभर भक्ति और साधना का माहौल बना रहा।

भक्तों के लिए खीर का प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने भी पतरूआ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की और गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया। शाम तक भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए जुटी रही। धार्मिक आयोजन में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, बासौदा ग्रामीण अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, महामंत्री शिवराज रघुवंशी, तरवर सिंह रघुवंशी, प्रमोद यादव, रविंद्र रघुवंशी, रमेश बाबू गुर्जर, महेश गुर्जर, हिम्मत सिंह मीणा, छोटेलाल मीना, जीवन सिंह गुर्जर, गोपाल सिंह गुर्जर सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर नमो सरकार के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

## जिले में गुरुवार को 32.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई

**विदिशा।** विदिशा जिले में पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर गुरूवार दस जुलाई की प्रातः आठ बजे 32.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि सर्वाधिक वर्षा सिरोंज तहसील में 57 मिमी और सबसे कम लटेरी में एक मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसके अलावा विदिशा में 56 मिमी, बासौदा में 28 मिमी, कुरवाई में 44 मिमी, ग्यारसपुर में 43 मिमी, गुलाबगंज में 28 मिमी, नटेरन में 20 मिमी, शमशाबाद में 21 मिमी तथा पठारी तहसील में 24 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Duration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

law.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - INS3230
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता, उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं BCI से अनुमोदित
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
3 YEARS LLB (बैचलर ऑफ लॉ)
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ADMISSIONS OPEN

# श्मशान में टीन सेट नहीं, गंदगी से ग्रामीणों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭खामखेड़ा

विधानसभा के ग्राम पंचायत पारसी गुर्जर के तहत आने वाले गांव बेरखेड़ी बुजुर्ग में श्मशान भूमि की स्थिति बदतर है। श्मशान में टीन सेट तक नहीं बने हैं और आसपास गंदगी का अम्बार है।

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में यदि किसी की मृत्यु हो जाती है तो अंतिम संस्कार की उचित व्यवस्था तक नहीं हो पाती। ग्रामीण शुभम बघेल, जसवंत सिंह बघेल, शिवराम मीणा, जय राम मीणा, गोलू बघेल सहित अन्य लोगों ने बताया कि शमशान की दुर्दशा की शिकायत सरपंच अर्जुन सिंह आदिवासी से कई बार की गई। सरपंच ने ग्रामीणों से कहा कि पंचायत के पास पर्याप्त राशि नहीं है और कुछ जमीनों पर



अतिक्रमण भी है, जिससे काम में बाधा आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग वर्षों से कच्चा ही पड़ा है। बरसात में यहां से ट्रैक्टर निकालना तो दूर, पैदल आना-जाना भी जोखिम भरा हो जाता है।ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले दो-तीन महीने से पंचायत के चक्कर काट रहे हैं। स्थानीय सचिव मथुरा प्रसाद चौबे को फोन किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। बाद में संपर्क करने पर उन्होंने केवल यह कहा कि आकर देख लूंगा, लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकला। गांव की हरिजन बस्ती के निवासी बीरेंद्र अहिरवार, रूपा बंसकार, बाबूलाल बंसकार, बबलू बंसकार आदि ने बताया कि उनके मोहल्ले की हालत भी काफी खराब है। जगह-जगह अतिक्रमण है और पंचायत कोई ध्यान नहीं दे रही। ग्रामीणों ने मांग की है कि शमशाबाद विधानसभा के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासन गांव में हालात का निरीक्षण करें और जल्द से जल्द शमशान भूमि के विकास और रास्ते के निर्माण का काम शुरू कराएं ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**खबर संक्षेप**

## दो कारों की भिड़ंत में रिटा. डीएसपी की मौत, 4 गंभीर



**सिलवानी**। थाना अंतर्गत सिलवानी सियरमऊ रोड़ पर सिंहपुरी के पास दो कारों की आमने सामने हुई भिड़ंत में 4 कार चालक गंभीर रूप से घायल हुए। जबकि रिटायर्ड डीएसपी की घटना स्थल पर मौत हो गई। एसडीओपी अनिल मौर्य टीआई पूनम सविता ने बताया कि गुरुवार को दोपहर करीब 3 बजे सागर से उदयपुरा के पास नर्मदा नदी के बोरास घाट पर स्नान करने के लिए अपने पुत्र राहुल मिश्रा 26 वर्ष के साथ जा रहे रिटायर्ड डीएसपी अभिमन्यु मिश्रा 67 वर्ष की कार भोपाल की ओर से सागर जा रही एक टैक्सी कार से चालक के साथ रेलवे का एक रिटायर्ड कर्मचारी जो कि सागर जा रहे थे। दोनों कारों की आमने-सामने भिड़ंत होने से रिटायर्ड डीएसपी अभिमन्यु मिश्रा की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि उनके पुत्र राहुल मिश्रा 26 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी हालत नाजुक होने के कारण उन्हें भोपाल रेफर किया गया है। जबकि दूसरी कार में सवार दोनों घायलों को जिला अस्पताल रायसेन रेफर किया गया है। मृतक रिटायर्ड डीएसपी मिश्रा सिलवानी में पदस्थ रेंजर आदर्श मिश्रा के बड़े पिता थे। उन्हें उनसे मिलकर नर्मदा नदी बोरास घाट जाना था। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच में लिया है।

## पटवारी पर एफआईआर के विरोध में न्याय सत्याग्रह



**रायसेन**। जिले से भारी तादाद में जीतू पटवारी के खिलाफ झूठी एफआईआर के विरोध अशोक नगर में आयोजित न्याय सत्याग्रह आंदोलन में हिस्सा लेने जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। यह कांग्रेसियों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर जेल भरो आंदोलन में गिरफ्तारियां दीं। सिलवानी के कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल, राजेन्द्र तोमर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ जीसी गौतम, रामबाबू लोधी हर्षवर्धन सोलंकी हेमंत विश्वकर्मा,आदि ने कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन पुलिस पर दमनकारी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया ।

# शिष्यों ने गुरु के चरणों में माथा टेक कर लिया आशीर्वाद

# गुरु पूर्णिमा : शहर सहित अंचलों के आश्रमों में लगा शिष्यों का मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय शास्त्रों में ईश्वर से बड़ा स्थान गुरु को दिया है। इसी परम्परा और आस्था को लेकर शहर में गुरू की महिमा अनंत गुरुमार्ग दिखावन हार मानकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया। गुरु पूर्णिमा लगभग 20 साल बाद गुरुवार को अद्भुत संयोग में आई, जिससे उसका महत्व बढ़ गया।

शहर के मुखर्जी नगर स्थित स्वामी शिवोम तीर्थ आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आसपास सहित अन्य जिलों से उनके भक्त शिष्य पहुंचे गुरु जी की पादुका पूजन करके आशीर्वाद लिया। गुरु जी स्वामी निजानंद तीर्थ जी महाराज ने अपने शिष्यों को आशीर्वाद देते हुए जीवन में तरक्की करने की बात कही। शिष्यों ने परिवार सहित पहुंचकर आश्रम में गुरु जी की चरण पादुका की पूजन कर माथा टेका और उन्हें उपहार भेंट किए। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत (बब्लू) मीणा सपत्नीक शिवोम आश्रम पहुंचकर गुरु की चरण पादुका की पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया।

मंदिरों देवालयों सहित विद्यालयों में गुरुपूर्णिमा पर गुरु महिमा का गान किया गया। पूरी आस्था के साथ गुरुओं को सम्मान किया गया। गुरुवार को शहर के देवालयों सहित आश्रमों में आध्यात्मिक गुरुपूर्णिमा उत्सव की धूम रही। हर मंदिर में विशेष गुरु पूजन सहित भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी को ग्रहण किया। भक्तों का जमावड़ा उमड़ा। स्थानीय सहित बाहर से आए शिष्यों ने गुरु का आशीर्वाद लिया। इस दौरान भजन कीर्तन सहित भंडारे का भी आयोजन किया गया।



### दीवानगंज : विद्यालयों में हर्ष उल्लास के साथ मनाई गुरु पूर्णिमा




*दीवानगंज। गुरुवार को पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। संकुल प्रभारी प्राचार्या प्रीति कहार और शिक्षकों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर, फूल माला पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन कक्षा 12 की छात्रा पायल साहू ने किया। सभी शिक्षकों को फूल माला पहनाकर तिलक लगा कर, उपहार दिया। मंच पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बालमपुर, सत्ती, बांसिया, पिपरई, गीदगढ़, भंवर खेड़ी, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, नरखेड़ा, कायमपुर, संग्रामपुर, कुल्हड़िया, मुस्काबाद सहित आसपास के गांवों के विद्यालयों में भी रंगारंग कार्यक्रम हुए।*

***मंदिरों में देर शाम तक होते रहे भजन कीर्तन** : गुरुवार को अंचलों में गुरु पूर्णिमा पर नगर श्रद्धा से सराबोर रहा। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। भवानी चौक दीवानगंज पर स्थित राम जानकी मंदिर, पुराने गुरुद्वारा मंदिर और खेड़ापति हनुमान मंदिर, ग्वाल चमेली, गुसाई मोहल्ला यदि मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक ग्रामीणों द्वारा पूजन पाठ, भजन कीर्तन के आयोजन होते रहे।*

## शासकीय स्कूल में गुरुजनों का सम्मान कर मनाया गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



शा. बालक हा.से. स्कूल में गुरू पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम केअतिथियों एवं स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं का छात्र-छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

गुरू पूर्णिमा उत्सव की अध्यक्षता कर रहे मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर गुरूओं के मार्गदर्शन में आगे बढने से सफलता अवश्य मिलती है। श्री बिदुआ ने विद्यालय के 100 छात्र-छात्राओं को अगले वर्ष लेपटॉप मिलने की उम्मीद लक्ष्य दिया। अतिथियों का प्राचार्य बानी द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। शा. बालक हा.से. के सभाकक्ष में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ की अध्यक्षता में एवं विद्यालय राज्यमंत्री प्रतिनिधि राजेश साहू, राजेश बवेले, प्राचार्य केके बानी एवं राजेश हजारी की विशेष उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में वृन्दावन धाकड़ शिक्षक ने विस्तार से अनादिकाल से चली आ रही गुरू शिष्य परंपरा का वर्णन किया और कहा कि गुरूओं का सम्मान करना उनके मार्गदर्शन में अध्ययन जरूरी है।

इस अवसर पर विधायक मंत्री प्रतिनिधि राजेश साहू ने सभी छात्र-छात्राओं से विद्यालय का नाम रोशन करने के साथ निर्माणाधीन और बन चुके भवन मे जन भागीदारी और प्राचार्य बानी के प्रयासों की प्रशंसा की।

### शा. महाविद्यालय मे हुआ गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम

*बरेली। शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. हरिनारायण शर्मा, सेवानिवृत प्राध्यापक हिन्दी एवं डॉ. जयन्ती सोनवानी, सह प्राध्यापक समाजशास्त्र को आमंत्रित कर गुरू शिष्य परंपरानुसार सम्मान किया गया। भारतीय ज्ञान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विषय पर दौनों ने विचार व्यक्त किए।*



### सिलवानी : जैन मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित

*सिलवानी। गुरु द्वारा दिया ज्ञान जीवन की सफलता का आधार होता है, जिसके जीवन में गुरु नहीं होता उसका जीवन कभी भी शुरु नहीं हो सकता, ना ही सफलता प्राप्त हो सकती है, प्रत्यक जीव के जीवन में गुरु होना आवश्यक है। उक्ताशय के उद्गार रामकथा वाचक मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने व्यक्त किए। वह पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबेधित कर रहे थे। यहां पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें। धर्म सभा को मुनि निवृत्त सागर महाराज ने भी संबोधित किया ।*

# घरों के आसपास गंदा पानी जमा होने से फैल रही बीमारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बारिश के चलते घरों के आसपास पानी निकासी के अभाव में पानी जगह-जगह सड़कों पर पानी भरा हुआ है, जिससे रहवासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है। गंदा पानी भरा रहने से संक्रमक बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

जमा पानी से मलेरिया व डेंगू रोग भी फैलता है, जिसमें मरीज को ठंड के साथ बुखार आता है। बारिश के दिनों में जलभराव हो जाता है, जिसमें मच्छर के लार्वा पैदा होते हैं। जिससे बहुत से लोगों को आंखो के रोग हो जाते हैं। आंखो में खुजली एवं आखे लाल और चिपचीपी हो जाती हैं। इस रोग को आई फ्लू, कंजक्टिवाईटिस या आंखें आने के रूप में जाना जाता है। कंजेक्टिवाइटिस का संक्रमण आपसी संपर्क के कारण फैलता है। इस रोग का वायरस संक्रमित मरीज के उपयोग की किसी भी वस्तु से दूसरों तक पहुंचता है।



### सीएमएचओ ने दिए कई निर्देश, बचाव के बताए तरीके

*सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने बताया बरसात के सीजन में होने वाली बीमारियों को लेकर हेल्थ एक्सपर्ट द्वारा जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मांडरे ने एडवाइजरी जारी किया है। उन्होंने खानपान पर विशेष सावधानी बरतने के साथ ही कहा कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, इससे बीमारियां फैलती हैं। इस सीजन में पानी उबालकर पिएं। सीएमएचओ ने कहा कि बारिश में अपनी सेहत ठीक रखने पूरी एहतियात बरतने की सलाह दी है।*

## गुरु पूर्णिमा पर कन्या छात्रावास परिसर में रोपे पौधे, दिया हरियाली का संदेश



हरित क्रांति महाअभियान के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा गुरु पूर्णिमा पर बाईपास स्थित शासकीय कन्या छात्रावास परिसर में पौधरोपण किया। पौधरोपण में स्कूल की छात्राएं, स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद जैन, छात्रावास से लक्ष्मी मेडम, पूजा यादव सहित सभी टीचर, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा, नपा सीएमओ सुरेखा जाटव, सिटी मैनेजर रानी तिवार, ट्राइबल विभाग सीपी सोनी एवं छात्रावास का सभी स्टाफ उपस्थित रहे। सबसे पहले सभी ने मिलजुलकर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सरस्वती पूजन किया। उसके बाद विद्यार्थियों ने गुरु की महिमा की परंपरा का ख्याल करते हुए गुरुजनों का किया सम्मान। सभी ने मिलजुकर छात्राओं के साथ पौधरोपण कर दिया हरियाली खुशहाली का संदेश।

# ट्रक से भिड़ी पिकअप, ड्राइवर वाहन में फंसा

### पिकअप के ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मंगलवार सुबह सिलवानी-सियरमऊ रोड पर बड़ा हादसा हो गया। सियरमऊ की ओर से आ रही एक पिकअप के ब्रेक अचानक फेल हो गए और वह अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप ड्राइवर वाहन में ही फंस गया। उसे निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस से घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल भेजा गया।

पिकअप में ड्राइवर 35 वर्षीय प्रशांत उर्फ प्रकाश चंद्र जैन और हेल्पर 19 वर्षीय रामअवतार उर्फ विजय ठाकुर सवार थे। ड्राइवर के पैर में गंभीर चोट आई है तथा हेल्पर को मामूली चोटें आई हैं।

# उफान पर मां नर्मदा... बौरास पुल पर पानी से थम गया यातायात

### रायसेन के उदयपुरा और नरसिंहपुर के बीच का सड़क संपर्क टूटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के तहसील उदयपुरा के बौरास में मूसलाधार बारिश के चलते नर्मदा नदी उफान पर है। इस कारण बोरास पुल 3 से 4 फीट पानी में डूब गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि रायसेन और नरसिंहपुर जिले के बीच सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। बारिश के चलते पहली बार बौरास पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। ट्रैफिक पूरी तरह से रोक दिया गया। प्रशासन ने अलर्ट जारी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

हम आपको यह बता दें कि रायसेन जिले में बीते दो दिनों से भारी बारिश हो रही है। इसके चलते नदी-नालों में उफान आ गया है। नर्मदा नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी हुई, जिससे बौरास पुल पर 3 से 4 फीट तक पानी भर गया। पुल के डूबते ही दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और पुलिस ने मौके पर बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक रोक दिया।

### केंद्रीय मंत्री शाह ने प्रदेश के सहकारी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा में दिया संदेश

# केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने सलामतपुर पैक्स के प्रबंधक से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुजरात के आणंद में अमूल एवं नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के विविध विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभर से आये सहकारी समितियों के सदस्यों, विशेषकर महिला प्रतिनिधियों से संवाद कर सहकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा। इसमें रायसेन सहित मध्यप्रदेश की विभिन्न पैक्स (प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों) के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए, जिस पर उन्हें सराहना मिली।

**सलामतपुर के कुंवर सिंह दांगी - नेपियर घास से बढ़ी आमदनी**

केंद्रीय मंत्री श्री शाह को रायसेन जिले की सलामतपुर पैक्स के प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी ने बताया कि उनकी समिति ने 50 एकड़ क्षेत्र में नेपियर घास की खेती प्रारंभ की है, जिससे किसानों को प्रति एकड़ 1 लाख तक का लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था का मशरूम वर्ल्ड कंपनी से टाईअप भी हुआ है। मंत्री ने पैक्स के बायलॉज में किए गए संशोधन का उल्लेख करते हुए उन्हें जिला सहकारी बैंक के निरीक्षक से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर नई गतिविधियों को जोड़ने की सलाह दी। श्री दांगी ने बताया कि उनकी समिति प्रधानमंत्री अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत 2 एकड़ भूमि पर 3000 टन क्षमता का वेयरहाउस स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

◆ *महिला प्रतिनिधियों ने साझा किए अनुभव, प्रदेश की विभिन्न पैक्स के कार्यकर्ताओं को मिली सराहना*



### सहकारिता आंदोलन को गति की दिशा में ऐतिहासिक कदम

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में दो लाख नई पैक्स का गठन किया जाएगा, जो उत्पादन, अनाज विक्रय और ग्रामीण सेवा वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। इसके साथ ही, एक राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय तथा तीन नई डेयरी आधारित सहकारी समितियाँ भी स्थापित की जाएंगी, जिससे सहकारिता क्षेत्र को शिक्षित, संगठित और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाया जा सकेगा।

### पैक्स को बहुआयामी संस्था में रूपांतरित करने का आह्वान

कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि पैक्स को केवल खाद या बीज वितरण तक सीमित न रखें। उन्हें खाली जमीन का उपयोग, मशीन किराये पर देना, जनऔषधि केंद्र का संचालन, और नई कृषि तकनीकों का प्रयोग करते हुए गांवों को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। उन्होंने सभी सहकारी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे मॉडल बायलॉज, कृषि एप्स, और नवीन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर अपनी समिति को आर्थिक रूप से सक्षम एवं सेवा-प्रधान इकाई के रूप में विकसित करें।

# मूंग तुलाई केंद्र कीरतपुर में तौल कांटे का किया पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मूंग उपज को समर्थन मूल्य पर तौल कराने बनाए उपार्जन केंद्र पर जनप्रतिनिधियो व नागरिकों द्वारा तौल कांटे का पूजन कर तौल कार्य प्रारंभ कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम कीरतपुर स्थित कनक वेयर हाउस पर वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला महामंत्री रमाकांत शुक्ला द्वारा तौल कांटे की पूजन कर तौल प्रारंभ कराई। उन्होंने किसानो से आग्रह किया कि वह तय दिन व दिनांक को अपनी मूंग केंद्र पर लावे तथा तौल करावे।

वेयर हाउस संचालक जयबाबू जैन द्वारा अतिथियों व किसानो का स्वागत किया। यहां पर दीपक शुक्ला, जलज जैन, देवराज लोधी, अरविंद्र आदिवासी, हितेश रघुवंशी, हासिम खान, सौसायटी प्रबंधक मुरलीधर यागिक, जितेंद्र रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।